# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 16.11.2025**

- **थाना मंगलपुर पुलिस व एस0ओ0जी0/सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात द्वारा लगभग 12 क्विंटल अवैध पटाखा मय पटाखा बनाने के उपकरण व पोटाश एवं सुजुकी कार बरामद की गई।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज कानपुर श्री हरीश चन्दर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश पाण्डेय जनपद कानपुर देहात के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी डेरापुर श्री राजीव सिरोही के पर्यवेक्षण में दिपावली त्योहार के पूर्व से ही लगातार अवैध पटाखों/आतिशबाजी के भण्ड़ारण तथा निर्माण पर लगातार छापेमारी व सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 16.11.2025 को मुखबिर से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर थाना मंगलपुर व एस0ओ0जी0 टीम कानपुर देहात द्वारा बड़ा चौराहा कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात निवासी आयुष उर्फ हर्ष गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता के घर पर तथा गोदाम पर छापेमारी की गई तो अभियुक्त के घर/गोदाम से लगभग 12 क्विंटल अवैध पटाखा तथा पटाखा बनाने के उपकरण तथा पटाखों में प्रयोग किये जाने वाली सामग्री पोटाश, गंधक, आदि बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा प्रयोग की जा रही चार पहिया गाड़ी सुजुकी यूपी 78 जे0ई0 9636 बरामद की गई जिसे अभियुक्त आयुष उपरोक्त छोड़कर मौके से फरार हो गया था । अभियुक्त के विरूद्ध थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर मु0अ0सं0 406/25 धारा 5/9B विस्फोटक अधिनियम में पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्त का विवरण-**

अभियुक्त आयुष उर्फ हर्ष गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बङा चौराहा कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात मय टीम।
2. एस0ओ0जी0प्रभारी श्री जयप्रकाश शर्मा मय टीम।